तूने इतना दिया बनवारी मैं तो मालामाल हो गया

तूने इतना दिया बनवारी ओ बांके बिहारी,
के मैं तो मालामाल हो गया,
मेरे मोहन सुनो मैं मालामाल हो गया....

एक मैं हूं कभी शुक्रिया ना किया,
एक तुम हो कि रहमत किए जा रहे,
तूने इतना दिया बनवारी.....

मैं हूं खता पे खता कर रहा,
एक तुम हो के माफी दिए जा रहे,
मेरे प्यारे सुनो मैं मालामाल हो गया,
मेरे मोहन सुनो मैं मालामाल हो गया.....

मैंने माना कि मैं तो गुनहगार हूं,
मैं गुनहगार हूं मैं खतावार हूं,
काम नेकी का कोई किया ही नहीं,
आप फिर भी सहारा दिए जा रहे.....

तेरी रहमत के चर्चे हुए हैं बहुत,
गम के मारे हुए खुश हुए हैं बहुत,
मेरे विश्वास को तूने ही भर दिया,
मैं तो नाचीज हूं तूने क्या कर दिया.....

मैं हूं इतना बड़ा भाग्यशाली,
हो बांके बिहारी आपने तो निहाल कर दिया,
तूने इतना दिया बनवारी ओ बांके बिहारी,
के मैं तो मालामाल हो गया.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32043/title/tune-itna-diya-banwari-main-to-malamal-ho-gya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |